बीएसई ने पीएसयू आधारित वेब पोर्टल शुरू किया

मुंबई, एजेंसी। बंबई स्टॉक एक्सचेंज ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए विनिवेश आधारति वेबसाईट बुधवार को जारी की। भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री विलासराव देशमुख ने वेबसाईट का उद्घाटन किया। बीएसई में केंद्रीय क्षेत्र की 214 सार्वजनिक उपक्रमों और उसकी सहायक इकाइयों में से 44 सूचीबद्ध है। इन 44 सार्वजनिक उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के 26 बैंकों और राज्य स्तर के छह सार्वजनिक उद्यमों को मिलाकर बीएसई में पीएसयू की कुल 76 इकायां सूचीबद्ध हैं। बीएसई की कुल पूंजी में इनकी 30 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है।

विनिवेश से संबंधित सभी जानकारियां रहेंगी पोर्टल पर उपलब्ध

बीएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मधु कानन ने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए सार्वजनिक निर्गम का रास्ता अपनाया है। यह एनटीपीसी, आरईसी, एनएमडीसी और एसजेवीएन के इश्यू में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, बीएसई ने सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश के बारे में एक मंच पर सभी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए यह वेब पोर्टल शुरू किया है।